# पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना

## इन्टर्नशिप पुस्तिका, 2026

## (NEP) 2020 के अनुसार

### सत्र - 2024-2028, SEM - V, (04 Credit), 60 Hours.

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार पढ़ाई सिर्फ किताबों और सिद्धांत तक सीमित नहीं रहना चाहिए, विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव, सामाजिक जुड़ाव, पेशेवर अनुभव और पेशेवर कौशल भी हासिल करना अति आवश्यक है, इसलिए NEP-2020 के अनुसार स्नातक कर रहे सभी विद्यार्थियों को अपने स्नातक काल-खंड में इंटर्नशिप पूरा करना जरूरी है।

पाटलिपुत्र विश्वविद्याल**य** में स्नातक स्तर पर **NEP-2020** के तहत 2023 से नया पाठ्यक्रम (Syllabus) लागू किया जा चुका है। जिसके तहत सभी विद्यार्थियों को **स्नातक (UG) - Semester IV** की परीक्षा के उपारांत विश्वविद्यालय द्वारा जारी किए गए <u>**ग्रीष्मावकाश- काल**</u> में अपने इंटर्नशिप को पूरा करना आवश्यक है। अतः पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी महाविद्यालय के **प्राचार्यों/NEP संयोजकों एवं छात्र/छात्राओं** को यह निर्देश दिया जाता है कि उपरोक्त वर्णित समयावधि **(ग्रीष्मावकाश- काल)** में ही इंटर्नशिप पूरा करना सुनिश्चित करें ।

स्नातक (UG) SEM V में सभी छात्र/छात्राओं को 20 क्रेडिट पूरा करना अनिवार्य है। इसमें से **04 क्रेडिट** उन्हें **60 घंटे के इस इंटर्नशिप** को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद **विश्वविद्यालय द्वारा** उनके **UG SEM V के अंक-पत्र** में जारी किया जाएगा। **अतः यह 60 घंटे का इंटर्नशिप अनिवार्य है ।**

<u>**इंटर्नशिप के उद्देश्य**</u>**:-** पढ़ाई (Theory) और अभ्यास (Practical) के बीच की दूरी कम करना, विद्यार्थियों को अनुभव आधारित और बहुविषयक सीखने का मौका देना एवं विद्यार्थियों के अन्दर रोज़गार क्षमता, शोध क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी बढ़ाना इंटर्नशिप के मुख्य उद्देश्य हैं।

<u>**इंटर्नशिप के बारे में**</u>**:-** स्नातक (Undergraduate) के चौथे सेमेस्टर के बाद **ग्रीष्मावकाश-काल** में इंटर्नशिप पूरा करना आवश्यक है। हर विद्यार्थी को न्यूनतम **60 से 120** घण्टे (यह इंटर्नशिप के कार्य की प्रकृति पर निर्भर करेगा) की अनिवार्य इंटर्नशिप पूरा करना होगा। सभी संकायों यथा- कला, विज्ञान एवं वाणिज्य के लिए यह नियम एक जैसे होंगे।

**विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप के विकल्पः-**

पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थियों के इंटर्नशिप हेतु **चार (04)** विकल्प उपलब्ध है। छात्र इन **चारों विल्कपों** में से किसी भी विकल्प का चयन अपनी **इच्छा और स्वतंत्रता** से पूरा कर सकतें हैं। विकल्प निम्नवत है -

**A. महाविद्यालय द्वारा आयोजित इंटर्नशिप (Institutionally Facilitated Internship)**

इसके अन्तर्गत विद्यार्थी उन मान्यता प्राप्त संस्थान से जुड़ कर अपना इंटर्नशिप पूरा करेंगे, जिन संस्थानों का समझौता (MOU) उनके संबंधित महाविद्यालय ने अपने स्तर पर किया है । छात्र/छात्रओं को इसकी पूरी जानकारी महाविद्यालय NEP समन्वयक के माध्यम से मिल जाएगी ।

**इस हेतु महाविद्यालय को दिशा निर्देशः-**

I. इसके अन्तर्गत महाविद्यालय अपने आस-पास के मान्यता प्राप्त संस्थानों, NGO, अस्पताल, निजी विद्यालय, महाविद्यालय, निजी कम्पनियों इत्यादि से इंटर्नशिप हेतु समझौता / MOU करने के लिए स्वतंत्र है।

II. महाविद्यालय जिस भी मान्यता प्राप्त संस्थाओं से समझौता / MOU करेंगे उसे पहले विश्वविद्यालय स्तर पर जारी वेबसाइट पर अपना पंजीकरण करना आवश्यक होगा । **पंजीकरण हेतु लिंक: पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर "INTERNSHIP SECTION" में उपलब्ध है ।**

**B. अंतर-महाविद्यालय फैकल्टी मेंटरशिप इंटर्नशिप (Inter-College Faculty Mentorship)**

इसके अन्तर्गत किसी एक महाविद्यालय का विद्यार्थी अपने विषय से संबंधित दूसरे महाविद्यालय (पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले सभी कोटि के महाविद्यालय) के शिक्षक के अन्तर्गत अपना इंटर्नशिप पूरा करते हुए अपने शिक्षक/मेंटर से प्रामण पत्र प्राप्त कर सकतें हैं।

पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के शिक्षक जो **अंतर-महाविद्यालय फैकल्टी मेंटरशिप-इंटर्नशिप** के तहत जुड़ कर किसी भी अन्य महाविद्यालय के छात्र/छात्रा का इंटर्नशिप पूरा कराने के इच्छुक हैं उन्हें सर्व-प्रथम **Google-Form** के माध्यम से अपना पंजीकरण पूर्ण करते हुए इसकी सूचना विश्वविद्यालय को देना है। इस सूचना का लाभ विद्यार्थी और विश्वविद्यालय स्तर पर किया जा सकेगा। **पंजीकरण हेतु Google-Form विश्वविद्यालय के इंटर्नशिप पोर्टल** पर उपलब्ध है।

**इस हेतु दिशा निर्देश :-**

I. एक महाविद्यालय के विद्यार्थी विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले किसी भी दूसरे महाविद्यालय के शिक्षक (अपने विषय से संबंधित) के अन्तर्गत अपना इंटर्नशिप पूरा कर सकते हैं।

II. एक शिक्षक एक सत्र में अधिकतम 40 विद्यार्थियों को इंटर्नशिप पूरा करा सकते है और उन्हें अपने लेटर पैड पर प्रमाणित "प्रमाण-पत्र" भी जारी कर सकते हैं ।

13/05/26

C. **विश्वविद्यालय द्वारा साझेदारी वाली इंटर्नशिप (University-Partnered Internship)**

इसके अन्तर्गत सभी छात्र/छात्राओं के इंटर्नशिप हेतु विश्वविद्यालय अपने स्तर पर विभिन्न संस्थओं से समझौता (MoU) करने के पश्चात् उसकी सूची विश्वविद्यालय के वेबसाइट (**विश्वविद्यालय के इंटर्नशिप पोर्टल**) पर उपलब्ध कराया जाएगा ।

विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर उपलब्ध सूची में वर्णित संस्थाओं के बारे में गहनता से समझने के बाद विद्यार्थी अपनी रूचि अथवा विषय से जुड़ाव इत्यादि को प्राथमिकता देते हुए उन संस्थाओं में इंटर्नशिप हेतु आवेदन दे सकते हैं। आवेदन संबंधी सारी प्रक्रिया का वर्णन विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर उपलब्ध होगा। पहले आवेदन करने वाले छात्र/छात्राओं को संबंधित संस्थाओं में इंटर्नशिप हेतु उस संबंधित संस्था द्वारा चयन किया जाएगा।

**D. गोद-ग्राम (GODA-GRAMA) इंटर्नशिप :**

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रारंभ किए गए **"**उन्नत भारत अभियान" के तहत गोद-ग्राम (GODA-GRAMA) इंटर्नशिप का विकल्प विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले सभी महाविद्यालयों के सभी छात्र/छात्राओं के लिए उपलब्ध हैं।

"गोद-ग्राम (GODA-GRAMA) इंटर्नशिप" एक ऐसी दूरदर्शी एवं समाजोन्मुख पहल है, जिसके माध्यम से महाविद्यालय एवं ग्रामीण समाज के मध्य एक सशक्त, जीवंत और सतत संबंध स्थापित किया जा सकेगा। यह कार्यक्रम केवल विद्यार्थियों की इंटर्नशिप पूर्ण करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह उन्हें जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए सामाजिक वास्तविकताओं को समझने, नेतृत्व क्षमता विकसित करने तथा समाज के प्रति उत्तरदायित्व का भाव उत्पन्न करने का अवसर भी प्रदान करता है।

इस पहल के अंतर्गत छात्र-छात्राएं **निःशुल्क इंटर्नशिप** पूर्ण करते हुए ग्राम स्तर पर शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण, डिजिटल साक्षरता, महिला सशक्तिकरण तथा सामाजिक जागरूकता जैसे विविध क्षेत्रों में कार्य कर सकेंगे। इससे विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होगा तथा उनकी शैक्षणिक शिक्षा का प्रत्यक्ष सामाजिक उपयोग सुनिश्चित होगा।

**गोद-ग्राम (GODA-GRAMA) इंटर्नशिप हेतु निर्देश :**

I. इसके अन्तर्गत सबसे पहले महाविद्यालय के प्राचार्य अपने महाविद्यालय में उन्नत-भारत-अभियान के संयोजक (coordinator) नामित करना होगा।

II. इसके उपारांत, सभी महाविद्यालय अपने नज़दीकी किसी भी **ग्राम(गांव)** को चिह्नित करके उसे गोद-ग्राम के रूप में अपने महाविद्यालय से जोड़ लेंगे।

III. शहर के महाविद्यालय यदि किसी "ग्राम"(गांव) को चिहित करने में सफल नहीं हो सके तो ऐसी परिस्थिति में शहर के महाविद्यालय अपने नज़दकी **वार्ड** को चिह्नित करके उसे गोद-ग्राम के रूप में अपने महाविद्यालय से जोड़ सकते हैं।

IV. सभी महाविद्यालय में **उन्नत-भारत-अभियान के संयोजक** ही **गोद-ग्राम (GODA-GRAMA) इंटर्नशिप** के नेतृत्त्वकर्ता की भूमिका में रहेंगे।

V. **"गोद-ग्राम (GODA-GRAMA) इंटर्नशिप"** करने वाले सभी छात्र/छात्राओं को **दिशा-निर्देश** से लेकर **'प्रमाण-पत्र'** जारी करने की जिम्मेदारी भी **उन्नत-भारत-अभियान के संयोजक** की ही होगी ।

VI. **उन्नत-भारत-अभियान के संयोजक** नामित होने के बाद उन्हें सर्व-प्रथम **Google-Form** के माध्यम से अपना पंजीकरण पूर्ण करते हुए इसकी सूचना विश्वविद्यालय को देना है। पंजीकरण हेतु **Google-Form** एवं इस हेतु **अन्य आवश्यक निर्देश "विश्वविद्यालय के इंटर्नशिप पोर्टल"** पर उपलब्ध है।

VII. **गोद-ग्राम (GODA-GRAMA) इंटर्नशिप** के अंतर्गत **उन्नत-भारत-अभियान के संयोजक** के दिशा निर्देश में छात्र/छात्राएं समूह बना कर भी **चिह्नित-ग्राम** में जा कर अपना इंटर्नशिप पूरा कर सकते हैं। इससे उनमे टीम के साथ कार्य करने का अनुभव भी होगा।

**गोद-ग्राम (GODA-GRAMA) इंटर्नशिप के लाभ :**

- **विद्यार्थियों के लिए लाभ :** छात्र-छात्राओं को वास्तविक सामाजिक परिस्थितियों में कार्य करने का अनुभव प्राप्त होगा। नेतृत्व, संवाद, टीमवर्क एवं समस्या-समाधान जैसी व्यवहारिक क्षमताओं का विकास होगा। विद्यार्थियों में सामाजिक संवेदनशीलता एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित होगी। निःशुल्क इंटर्नशिप पूर्ण करने का अवसर मिलने से आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को विशेष लाभ मिलेगा। ग्रामीण भारत की चुनौतियों एवं संभावनाओं को समझने का अवसर प्राप्त होगा, जिससे उनका व्यक्तित्व अधिक परिपक्व एवं व्यावहारिक बनेगा।
- **महाविद्यालयों के लिए लाभ :** महाविद्यालय अपने निकटवर्ती ग्रामों के साथ स्थायी एवं सकारात्मक संबंध स्थापित कर सकेंगे। NSS, Volunteership, Internship तथा अन्य सामाजिक गतिविधियों का संचालन अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावी रूप से किया जा सकेगा। संस्थानों की सामाजिक भागीदारी एवं सामुदायिक उत्तरदायित्व (Community Engagement) मजबूत होगा। महाविद्यालय शिक्षा को केवल कक्षाओं तक सीमित न रखकर उसे सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बना सकेंगे।
- **ग्राम एवं समाज के लिए लाभ :** ग्रामों में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, डिजिटल जागरूकता एवं सामाजिक सुधार से संबंधित सकारात्मक परिवर्तन आएंगे। ग्रामीण समुदाय और युवाओं के मध्य सहयोग एवं विश्वास का वातावरण विकसित होगा। विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी से समाज में जागरूकता, सहभागिता एवं नवाचार की भावना बढ़ेगी। गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में सहायता मिलेगी।

**इंटर्नशिप हेतु सामान्य नियम :**

1. ऊपर वर्णित सभी प्रकार (04 प्रकार) के इंटर्नशिप छात्र/छात्राओं हेतु पूर्ण रूप से **निःशुल्क** होंगे. **60 घंटे के इस इंटर्नशिप** हेतु महाविद्यालय या कोई भी संस्था द्वारा किसी भी प्रकार का शुल्क लेने का प्रावधान नहीं है ।
2. छात्र अपनी रुचि एवं स्वतंत्रता के आधार पर उपर्युक्त वर्णित **चार-विकल्पों** में से किसी एक का चयन करते हुए अपना **60 घंटे** का इंटर्नशिप पूरा कर सकते हैं।
3. महाविद्यालय के NEP संयोजक/ विभागाध्यक्ष्य एवं प्राचार्य छात्र/छात्राओं को सफल इंटर्नशिप हेतु मार्गदर्शित करेंगे।
4. पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले किसी भी कॉलेज के किसी भी छात्र/छात्राओं का इंटर्नशिप कराने से पूर्व किसी भी संस्था को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर "INTERNSHIP SECTION" में जा कर ख़ुद को पंजीकृत करना आवश्यक होगा और साथ ही विश्वविद्यालय से इस हेतु **प्रमाण-पत्र**_प्राप्त करना होगा ।
5. विद्यार्थियों को इंटर्नशिप की अवधि में अनुशासित रहना होगा और संबंधित संस्था के नियम मानने होंगे।
6. इंटर्नशिप अवधि में विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य हैं।
7. विद्यार्थियों को एक बार इंटर्नशिप की स्वीकृति के बाद किसी भी प्रकार के बदलाव हेतु उचित कारण के साथ अपने महाविद्यालय के NEP समन्वयक से पुनः अनुमति लेनी होगी।
8. महाविद्यालय को सूचित किया जाता है कि किसी भी संस्था के साथ साझेदारी कर इंटर्नशिप पूर्ण करने वाले छात्र/छात्राओं की सूची तैयार कर विश्वविद्यालय को प्रेषित करें। सूची में यह उल्लेख होना चाहिए कि महाविद्यालय के किस छात्र/छात्रा ने किस संस्था से अपना इंटर्नशिप पूर्ण किया है।
9. इंटर्नशिप कराने वाली संस्थाओं को भी निर्देशित किया जाता है कि जिन महाविद्यालयों के छात्र/छात्राओं ने उनके यहाँ इंटर्नशिप पूर्ण किया है, उनकी सूची विश्वविद्यालय को ईमेल के माध्यम से भेजें । साथ ही संबंधित महाविद्यालय को भी इसकी सूची उपलब्ध करायेंगे ।

10. इंटर्नशिप से संबंधित **ईमेल आईडी** विश्वविद्यालय की वेबसाइट के **इंटर्नशिप सेक्शन** में उपलब्ध है ।

**मूल्यांकन और प्रमाण पत्रः-**

**इंटर्नशिप प्रमाण पत्र की स्वीकृति हेतु दिशा निर्देश :**

**STEP 01: Role of Department (विभाग की जिम्मेदारी)**

I. छात्र/छात्राओं ने जिस भी संस्था/कंपनी से अपना इंटर्नशिप पूरा किया है, वहां से प्राप्त सर्टिफिकेट (ग्रेड और 60 Hour सहित), और **इंटर्नशिप-रिपोर्ट (छात्र द्वारा तैयार)** ले कर अपने विभागाध्यक्ष/विभाग के शिक्षक के पास जायेंगे.

II. विभागाध्यक्ष/विभाग के शिक्षक, अपने विभाग के विद्यार्थियों के मूल प्रमाण-पत्र (Original Certificate) और **इंटर्नशिप रिपोर्ट (छात्र द्वारा तैयार)** की जांच कर/मिलान कर दोनों प्रपत्र की छाया प्रति पर अपना हस्ताक्षर एवं विभाग का मोहर लगा कर उसे प्रमाणित करेंगे.

III. रिपोर्ट के प्रथम पृष्ठ पर विभागाध्यक्ष (विभाग के शिक्षक) का हस्ताक्षर और मोहर होगा ताकि बच्चे अपने इंटर्नशिप-सर्टिफिकेट के अतिरिक्त रिपोर्ट के रूप में उसी प्रथम पृष्ठ को ही Scan करके विश्वविद्यालय-वेबसाइट पर अपलोड करेंगे ।

IV. विश्वविद्यालय ने छात्र/छात्राओं के मार्गदर्शन हेतु वेबसाइट पर इंटर्नशिप-रिपोर्ट का एक परफॉर्मा उपलब्ध कराया है। छात्र इसका उपयोग कर अपनी रिपोर्ट तैयार कर सकते हैं तथा आवश्यकतानुसार सुधार कर विभागाध्यक्ष/शिक्षक से प्रमाणित कराएँगे।

**STEP 02: Role of Students (छात्र/छात्राओं की जिम्मेदारी) :**

दोनों छाया-प्रति Documents (सर्टिफिकेट और इंटर्नशिप-रिपोर्ट ) पर विभाग द्वारा मोहर करा लेने के बाद, विद्यार्थी खुद/(अपने कॉलेज के सहयोग से) विश्वविद्यालय द्वारा जारी किए गए लिंक पर क्लिक करके उन दोनों हस्ताक्षर एवं मोहर किए हुए प्रपत्रों को अपलोड कर देंगे । अपलोड करते समय छात्र/छात्राओं को कुछ निजी जानकारी भी उपलबध करानी होगी.

**विद्यार्थी यह कार्य कैसे करेंगे ?**

- विद्यार्थी सबसे पहले website पर मौजूद Create student login पर क्लिक कर अपना Student login बनायेंगे।
- Student login पर जा कर अपना प्राप्त ग्रेड लिख कर, दोनों छाया प्रति दस्तावेज (Documents) (सर्टिफिकेट औरइंटर्नशिप-रिपोर्ट ) upload कर देगें।

- दोनों प्रपत्र अपलोड करने के बाद विद्यार्थी अपने Student Login अपलोड के माध्यम से अपने अपलोड किये हुए 'प्रमाण पत्र' के Status को आगे भी निरंतर देख सकते हैं।
- यदि किसी छात्र/छात्रा के प्रमाण पत्र को महाविद्यालय स्तर पर रद्द (Reject) कर दिया जाता है तो छात्र/छात्र रद्द (Rejection) के कारण को सुधार करते हुए अपना प्रमाण-पत्र एक बार फिर से Upload कर सकते हैं.
- महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर से छात्र/छात्राओं के प्रमाण पत्र Approved होने के 30 दिन बाद, विश्वविद्यालय उन सभी Students के पांचवे सेमस्टर का अंक-पत्र जारी करेगी.

**STEP 03: Role of College NEP Coordinator (कॉलेज के NEP संयोजक की जिम्मेदारी)**

I. छात्र/छात्राओं द्वारा इंटर्नशिप संबधी प्रमाण-पत्र और प्रतिवेदन (रिपोर्ट) अपलोड करने के बाद, कॉलेज के NEP संयोजक अपने कॉलेज के विद्यार्थियों के द्वारा उपलोड किये गए दोनों प्रपत्रों एवं छात्र/छात्राओं द्वारा भरे गए ग्रेड को website पर (online) देख कर, समझ कर, यूनिवर्सिटी पोर्टल पर मौजूद Approved Button पर क्लिक कर देंगे.

II. यदि NEP संयोजक ने किसी छात्र/छात्र के प्रमाण पत्र/ग्रेड/रिप्रोर्ट पर संदेह व्यक्त करते हुए Reject कर दिया तो उस NEP संयोजक को वहां मौजूद Remarks में इसका उल्लेख करना होगा।

**STEP 04: Role of University (यूनिवर्सिटी की जिम्मेदारी)**

I. College NEP संयोजक के द्वारा Approved कर देने के बाद विश्वविद्यालय स्तर पर सभी प्रपत्रों एवं सम्बंधित दस्तावेज की जांच के बाद विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थीयों को Master Approval मिल जाएगा. ऐसा करते ही छात्र/छात्राओं को उसके इंटर्नशिप का 04 क्रेडिट सफ़लतापूर्वक प्राप्त हो जायेगा.

II. सफलतापुर्वक 04 क्रेडिट प्राप्त कर लेने वाले छात्र/छात्राओं के पांचवे समेस्टर (SEM-V) के अंक-पत्र पर इस क्रेडिट से प्राप्त "अंक/ग्रेड" जोड़ दिया जायेगा और इसे ABC (Academic Bank of Credit) में भी विश्वविद्यालय द्वारा भेज दिया जाएगा. साथ ही साथ सभी क्रेडिट प्राप्त कर लेने वाले छात्र/छात्राओं के पांचवे समेस्टर (SEM-V) का अंक पत्र विश्वविद्यालय जारी करेगा ।

**नोट- वैसे विद्यार्थी जिनके द्वारा उपलब्ध प्रपत्र संतुष्टिजनक नहीं होंगे या जिन्होंने इस पूरी प्रक्रिया में विश्वविद्यालय द्वारा Internship के निर्धारित मानकों का उल्लंघन किया है, उन्हें विश्वविद्यालय द्वारा 04 क्रेडिट नहीं दिया जाएगा और उन्हें स्पष्टीकरण हेतु संबधित दस्तावेज के साथ विश्वविद्यालय से सम्पर्क करना होगा।**

विश्वविद्यालय द्वारा इंटर्नशिप प्रमाण-पत्र स्वीकार लेने के बाद

## ग्रेड का आधार:

| SL.No | GRADE | GRADE DESCRIPTION | MARKS |
|---|---|---|---|
| 01 | O | (Outstanding) | 90 and Above |
| 02 | A+ | (Excellent) | 80-89 |
| 03 | A | (Very Good) | 70-79 |
| 04 | B+ | (Good) | 60-69 |
| 05 | B | (Above Average) | 50-59 |
| 06 | C | (Average) | 40-49 |
| 07 | P | (Pass) | 30-39 |
| 08 | F | (Fail) | Below 30 |

महत्वपूर्णः-

विद्यार्थियों द्वारा सफलतापूर्वक इंटर्नशिप समाप्त कर लेने एवं प्राप्त ग्रेड सहित प्रमाण-पत्र जिसपर न्यूनतम 60 घण्टे की अवधि अवश्य अंकित हो, उसकी छायाप्रति विश्वविद्यालय के पोर्टल पर जमा करने एवं विश्वविद्यालय स्तर पर उन प्रमाण पन्नों की जाँच के बाद ही विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग किसी भी छात्र/छात्रा को 04 क्रेडिट देगा।

20/05/26

D.S.W.
Patliputra University
Patna